# बिहार के सभी गाँवों को बैंकिंग, बीमा, पेंशन तथा अन्य सुविधाओं से जोड़ने के लिए बिहार राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (SLBC) का महाअभियान

## पटना में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के तत्वावधान में SBI और PIB की संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन

## पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक ने 3 माह चलने वाले वित्तीय समावेशन संतृप्ती अभियान की दी जानकारी

प्रविष्टि तिथि: 19 AUG 2025 3:12PM by PIB Patna

आज दिनांक 19.08.2025 को पटना में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के तत्वावधान में भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल और पत्र सूचना कार्यालय, पटना की संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। संयुक्त प्रेस वार्ता में भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री अनुराग जोशी, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के महाप्रबंधक श्री रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पत्र सूचना कार्यालय, पटना के सहायक निदेशक कुमार सौरभ ने मीडिया को संबोधित किया। प्रेस वार्ता की शुरुआत करते हुए श्री कुमार सौरभ ने समस्त मीडिया कर्मियों का स्वागत किया एवं उन्हें बैंक अधिकारिओं और कार्यक्रम के विषय से परिचित कराया।




वार्ता में मौजूद प्रिंट तथा इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकारों तथा मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री अनुराग जोशी ने वर्तमान में चल रहे वित्तीय समावेशन संतृप्ती अभियान की जानकारी दी।




यह प्रेस वार्ता बिहार के सभी पंचायतों में भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर चलाये जा रहे तीन महीने का व्यापक जन अभियान के विभिन्न पहलुओं तथा अभी तक के उपलब्धियों पर चर्चा हेतु बुलाई गयी थी। दिनांक 01.07.2025 से 30.09.2025 तक चलने वाले इस अभियान के तहत प्रदेश की लगभग 8,100 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

श्री जोशी ने बताया कि पटना जिले के बेलछी प्रखंड अंतर्गत बेलछी ग्राम पंचायत में दिनांक 1 जुलाई 2025 से शुरू हुआ ये अभियान 18.08.2025 तक 4,540 ग्राम पंचायतों में पूर्व निर्धारित तिथियों में संपन्न हो चूका है। इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत नया खता खोलना, पुराने खातों का KYC दस्तावेज अद्यतन करना, पुराने निष्क्रिय खातों का पुनः परिचालन करना, खातों में नामांकन सुविधा अद्यतन करना, सामाजिक सुरक्षा संबंधी योजनाओं यथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) तथा अटल पेंशन योजना (APY) जैसी सभी योजनाओं का लाभ बैंकों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर पहुँचाना और लोगों को जागरूक करना है।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 436 रुपये सालाना प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का जीवन बीमा दिया जाता है, वहीं प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 20 रुपये सालाना प्रीमियम पर 2 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर दिया जाता है । 60 वर्ष की आयु के बाद अटल पेंशन योजना के तहत पेंशन भुगतान का प्रावधान है जिसमें किये निवेश के अनुसार रिटायरमेंट के बाद 1,000 से 5,000 रुपये तक पेंशन मिलती है।

तीन महीनों तक चलने वाले इस अभियान में इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच प्रचार प्रसार तथा वित्तीय सुविधाओं का आच्छादन एक प्रमुख उद्देश्य है । अभियान के दौरान ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचाव तथा अनक्लेम्ड डिपॉजिट के निकासी की विधि से जुड़ी जानकारियाँ दी जा रहीं हैं।

भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक श्री जोशी ने आगे यह भी बताया कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति बिहार, संयोजक भारतीय स्टेट बैंक, की ओर से वित्त मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप अभियान के लिए पोस्टर तथा अन्य प्रचार सामग्री के प्रारूप बैंकों से साझा की गई है। अभियान के सफल संचालन के लिए ग्राम, जिला और राज्य स्तर पर कार्यक्रम और बैठक हो रहे हैं तथा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति एवं आर बी आई पटना द्वारा इसकी निगरानी हो रही है।

महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, श्री रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस को अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 18.08.2025 तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राज्य भर में 4,540 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा चूका है। इन शिविरों में अभी तक कुल 1,70,994 PMJDY खाते खोले गए तथा 1,57,985 PMJJBY एवं 3,06,465 PMSBY का नामांकन किया गया है। इसके साथ ही कुल 61,609 लोगों का APY में अंशदान प्राप्त हुआ है तथा 2,39,236 खातों का Re–KYC हो चूका है।

प्रेस वार्ता में भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक (कृषि व्यवसाय इकाई) श्री सिद्धनाथ ठाकुर, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के सहायक महाप्रबंधक श्री कुमार रणजीत तथा पत्र सूचना कार्यालय, पटना व बैंक के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

(रिलीज़ आईडी: 2157890)